nt>

Title : Need to set up industries in Naxalite prone districts in Bihar.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : महोदय, बिहार राज्य का भोजपुर, रोहतास, कैमूर औरंगाबाद, जहानाबाद और पटना जिला का मसौढ़ी सब-डिवीजन उद्योग विहीन इलाका है। उद्योग विहीन इलाका होने से लाखों की संख्या में शिक्षित नौजवान बेरोजगार हो गए हैं। उनके सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। गरीबी और बेकारी की मार से ये लोग दिग्भ्रमित हो गए हैं। खेतीहर मजदूरों और छोटे किसानों की स्थिति अच्छी नहीं है। विवश और लाचार होकर ये लोग असामाजिक संगठनों के साथ जुड़ते जा रहे हैं। इस प्रकार ये जिले भयंकर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र बनते जा रहे हैं।

अत: मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि यथाशीघ्र इन जिलों में छोटे, मझोले और बड़े उद्योगों की स्थापना की जाए ताकि इन जिलों को उग्रवाद प्रभावित इलाका होने से बचाया जा सके और बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके।